**जातीय समानता को बढ़ावा देने के**
**मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय**

**हांगकांग पर्यटन बोर्ड**

हांगकांग पर्यटन बोर्ड (“HKTB”) सरकार द्वारा संचालित एक निकाय है जिसे दुनिया भर में हांगकांग को एक यात्रा गंतव्य के रूप में तिजारत करने और बढ़ावा देने और यहां पहुँचने पर पर्यटकों के अनुभव में वृद्धि के लिए नियुक्त किया गया है। HKTB जनता के सभी सदस्यों और दुनिया भर से आए पर्यटकों के जातीय पृष्ठभूमि के निरपेक्ष, अपनी सेवाओं के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने को बहुत महत्व देता है।

(A) **पर्यटक सूचना सेवा**

संबंधित सेवाएं

- HKTB’s के आगंतुक केंद्र जनता और पर्यटकों के लिए दर्शनीय स्थलों से संबंधित जानकारी और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मौजूदा उपाय

- आगंतुक केंद्रों पर वितरित HKTB के प्रकाशन चीनी और अंग्रेजी दोनों में मुद्रित होते हैं।

- सामान्यतः HKTB की सेवाएं मुख्य रूप से प्रामाणिक पर्यटकों पर लक्षित होती हैं, लेकिन आवश्यकता होने पर , HKTB के फ्रन्ट लाइन कर्मचारी वाणिज्य दूतावास या अल्पसंख्यक जातियों के लिए केंद्र (“CHEER”) से बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, तागालोग, थाई, उर्दू और वियतनामी जैसी विदेशी भाषाओं में व्याख्या सेवाओं के लिए आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

भविष्य के काम का मूल्यांकन

- HKTB समय-समय पर जनता और पर्यटकों की प्रतिपुष्टि और सुझावों पर विचार करते हुए, जहां आवश्यक और उचित हो वहां पर अपनी सेवाओं को और अधिक सुधारने के लिए अपनी सेवाओं का मूल्यांकन करना जारी रखेगा।

HKTB विविध जाति के लोगों से भाषा सेवा की जरूरतों से संबंधित आंकड़े भी एकत्र करेगा, जिसका उपयोग निरंतर मूल्यांकन और सेवा प्रावधान में सुधार लाने के लिए किया जाएगा।

## (B) HKTB की वेबसाइट

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • HKTB जनता और पर्यटकों के लिए HKTB की वेबसाइट (www.discoverhongkong.com) पर दर्शनीय स्थलों, आकर्षण और कार्यक्रमों आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। |
| मौजूदा उपाय | • HKTB की वेबसाइट दोनों चीनी और अंग्रेजी दोनों और अन्य भाषाओं में है ।[1] |
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • जहां आवश्यक और उचित हो, HKTB विविध जाति के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय-समय पर HKTB की वेबसाइट पर और अधिक भाषाओं को शामिल करने की जरूरतों का मूल्यांकन करना जारी रखेगा। HKTB विविध जाति के लोगों से भाषा सेवा की जरूरतों से संबंधित आंकड़े भी एकत्र करेगा, जिसका उपयोग निरंतर मूल्यांकन और सेवा प्रावधान में सुधार लाने के लिए किया जाएगा। |

## (C) अनुदान योजनाएँ

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • HKTB वर्तमान में कई योजनाओं का प्रबंधन करता है जो पात्र संगठनों या कंपनियों से आवेदन के लिए खुले हैं, जैसे कि अभिलक्षित स्थानीय पर्यटन कार्यक्रमों के लिए पायलट योजना और छोटे -आकार की बैठक, प्रोत्साहन तथा संविद समूहों के लिए अनुदान सहायता। |

---

[1] चीनी और अंग्रेजी के अलावा, HKTB की वेबसाइट में 11 अन्य भाषाएँ हैं, जिनमें अरबी, बहासा इंडोनेशिया, बहासा मलेशिया, डच, जर्मन, कोरियाई, फ्रेंच, जापानी, रूसी, थाई और वियतनामी शामिल हैं।

| | |
|---|---|
| मौजूदा उपाय | • यद्यपि निधीकरण योजनाओं के आवेदक संगठनों या कंपनियों तक सीमित हैं, HKTB की सेवाएं जाति के संबंध में निष्पक्ष है और चीनी तथा अंग्रेजी दोनों में वितरित की जाती हैं।<br><br>• HKTB आवश्यक होने पर अन्य विदेशी भाषाओं में व्याख्या सेवाओं के लिए वाणिज्य दूतावास या CHEER से आवश्यक सहायता ले सकता है। |
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • HKTB मौजूदा उपायों को लागू करना जारी रखेगा, और जाति के संबंध में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से प्रदान की गई सेवा का मूल्यांकन करेगा। HKTB विविध जाति के लोगों से भाषा सेवा की जरूरतों से संबंधित आंकड़े भी एकत्र करेगा, जिसका उपयोग निरंतर मूल्यांकन और सेवा प्रावधान में सुधार लाने के लिए किया जाएगा। |

(D) **<u>गुणवत्ता पर्यटन सेवा योजना</u>**

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • HKTB वर्तमान में उत्कृष्ट पर्यटन सेवा ("QTS") योजना का प्रबंधन करता है, जो एक सेवा प्रमाणन कार्यक्रम है, जिसके तहत खुदरा व्यापारी, रेस्तरां और पर्यटक आवास- स्थल उत्कृष्ट पर्यटन सेवा प्रदान करते हैं, जो कि निर्धारित मानदंड के नियत वर्ग को पूरा करते हैं, इस योजना के तहत QTS व्यापारी प्रमाणित होते हैं। |
| मौजूदा उपाय | • यद्यपि इस कार्यक्रम के आवेदक खुदरा व्यापारी, रेस्तरां और पर्यटक आवास-स्थल तक सीमित हैं, HKTB की सेवाएं जाति के संबंध में निष्पक्ष है और चीनी तथा अंग्रेजी दोनों में वितरित की जाती हैं।<br><br>• HKTB आवश्यक होने पर अन्य विदेशी भाषाओं में व्याख्या सेवाओं के लिए वाणिज्य दूतावास या CHEER से आवश्यक सहायता ले सकता है । |

| | |
|---|---|
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • HKTB मौजूदा उपायों को लागू करना जारी रखेगा, और जाति के संबंध में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से प्रदान की गई सेवा का मूल्यांकन करेगा। HKTB विविध जाति के लोगों से भाषा सेवा की जरूरतों से संबंधित आंकड़े भी एकत्र करेगा, जिसका उपयोग निरंतर मूल्यांकन और सेवा प्रावधान में सुधार लाने के लिए किया जाएगा। |

## (E) <u>**प्रशिक्षण**</u>

| | |
|---|---|
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • HKTB अपने कर्मचारियों के लिए जाति समानता के मामलों में कर्मचारियों की समझ बढ़ाने के लिए जाति समानता पर प्रशिक्षण की व्यवस्था करता है। |

पूछताछ के लिए, कृपया हमें निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से संपर्क करें:

| | |
|---|---|
| टेलीफोन: | Mr Ken Cheung :<br>2508 1234 (दर्नीय सथलो र उपभोकता पूछताछ और तिपुष्टि);<br>Ms Suki Lai :<br>2807 6199 (अनय पूछताछ) |
| फैक्स: | 2503 6114 |
| ई-मेल: | info@hktb.com |
| वेबसाइट: | https://www.discoverhongkong.com/eng/contact-us.html |
| ाकि का पता: | 11/F, Citicorp Centre, 18 Whitfield Road. North Point, Hong Kong |

**हांगकांग पर्यटन बोर्ड**

**मई 2023**